किसानों ने एफपीओ बनाने का निर्णय लिया

भास्कर न्यूज़ | बड़कागांव

विनर विथ यू संस्था ने वर्तमान में मशरूम उत्पादन कर रहे किसानों के साथ बुधवार को बैठक की। बैठक में फार्मर प्रोड्यूसर गठन का प्रस्ताव रखा। संस्था के डायरेक्टर ने बताया कि बीआईआरडी लखनऊ में एफपीओ के द्वारा संबंधित प्रशिक्षण दिया गया है। जिसके आधार पर उन्होंने किसानों को जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़कागांव के 300-500 कृषकों को मदद मिलेगी। इसके अंतर्गत प्रारम्भ से लेकर समूह का गठन, छोटे-छोटे प्रोड्यूसर ग्रुप का प्रबंधन, बाजार मांग पर आधारित फसलों के उत्पादन हेतु विशिष्ट प्रशिक्षण और कृषि को व्यवसाय के रूप में संचालित किए जाने के लिए उपयुक्त कृषकों को नेतृत्त्व, प्रोक्योरमेंट (खरीद), लेखा संधारण आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एफपीओ के सुचारू रूप से संचालन के लिए शुरू के दो-तीन वर्षों तक इनको आर्थिक सहायता प्रदान कराने हेतु विनर विथ यू संस्था नाबार्ड से जल्द ही अनुरोध करेगी।

बैठक में शामिल कृषक।